आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.03.2026/प्रादेशिक समाचार/19.45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आईजीएमसी शिमला में रोबोटिक सर्जरी सुविधा का किया शुभारम्भ।
- उच्च शिक्षा प्राप्त करने के दौरान स्टाफ नर्स को पूरा वेतन देगी राज्य सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–प्रदेश सरकार ने चार महीने में ही रोबोटिक सर्जरी की फीस को किया दोगुना।
- मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा प्रदेश में एलपीजी, पैट्रोल और डीजल का भंडार पर्याप्त– भ्रामक प्रचार से बचने का लोगों से आग्रह।
- पर्यटकों की सुविधा के लिए एचआरटीसी ने कांगड़ा हवाई अड्डे से टैम्पो ट्रैवलर सेवा की शुरू।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज आई.जी.एम.सी. शिमला में 28 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से स्थापित उच्च स्तरीय रोबोटिक सर्जरी सुविधा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला के अलावा चमियाणा, कांगड़ा ज़िला के टांडा और मंडी ज़िला के नेरचौक मैडिकल कॉलेजों में भी मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सुविधा से मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में लोगों को विश्वस्तरीय रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिल रही है जो उत्तर भारत में अपनी तरह की विशेष पहल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए धन की कमी आढ़े नहीं आने दी जाएगी।

सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी शिमला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता भी की और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के दौरान स्टाफ नर्स को भी 40 प्रतिशत के स्थान पर पूरा वेतन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आउटसोर्स आधार पर नियुक्तियों को बंद करना चाहती है, क्योंकि इससे युवाओं का शोषण हो रहा है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने चार महीने में ही रोबोटिक सर्जरी की फीस दोगुना कर दी है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि अटल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाणा में जनरल वार्ड के रोगी के लिए रोबोटिक सर्जरी की फीस 30 हजार रुपये थी जिसे बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इसी तरह स्पेशल वार्ड के मरीजों से 80 हजार रुपये लिए जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी में कहा कि यहां जनरल वार्ड के मरीजों से 30 हजार और स्पेशल वार्ड के रोगियों से 50 हजार रुपये लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी के पैकेज में असमानता है, जो वित्तीय नियमों के अनुकूल नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा है कि सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण हिमकेयर व आयुष्मान के दायरे में आने वाले रोगियों को अभी तक इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

राजस्व मंत्री

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज शिमला मे किसानों के विकास के लिए प्रदेश स्तर पर कार्यरत सामाजिक संस्था लघु किसान कल्याण एकता के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विचार विमर्श किया गया। राजस्व मंत्री ने चकौताधारकों का डेटा शीघ्र उपलब्ध करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि डेटा उपलब्ध होने पर सरकार किसानों के हक में उचित निर्णय लेगी।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज मंडी ज़िला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के नारला स्थित परिसर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला साहल के भवन का उद्घाटन किया। बाद में उन्होंने राजकीय डिग्री कॉलेज नारला के वार्षिक समारोह में हिस्सा लिया और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय के अनुसार विद्यार्थियों को कौशल आधारित व रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चंबा ज़िला के चुवाड़ी स्थित नागरिक अस्पताल का दौरा कर अस्पताल में स्थापित नई एक्स–रे मशीन का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि एक्स–रे मशीन के शुरू होने से चुवाड़ी व आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लाभ होगा।

समीक्षा बैठक

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश में एल.पी.जी, पैट्रोल व डीजल के पर्याप्त भंडारण उपलब्ध हैं। मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति के दृष्टिगत प्रदेश में पैट्रोल, डीजल, घरेलू व व्यावसायिक गैस ईधन की उपलब्धता को लेकर शिमला में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुख्य सचिव ने लोगों से सोशल मीडिया में चल रहे भ्रामक प्रचार के चलते अनावश्यक गैस बुकिंग करने से बचने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी उपायुक्तों को प्रतिदिन इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

टैक्सी सेवा

राज्य पथ परिवहन निगम ने पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए कांगड़ा हवाई अड्डे के लिए टेम्पो ट्रेवलर सेवा शुरू की है। एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने आज कांगड़ा हवाई अड्डे से इस सुविधा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए टेम्पो ट्रेवलर की सेवा अन्य टैक्सी के मुकाबले कई गुना कम दाम पर उपलब्ध होगी। इस सेवा की बुकिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध रहेगी।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026–27 के बजट में निजी क्षेत्र की साझेदारी में पांच क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्र स्थापित करने में राज्यों को सहायता प्रदान करने की योजना का प्रस्ताव किया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इन केंद्रों में आयुष केंद्र, चिकित्सा पर्यटन सुविधा केंद्र, उपचार पश्चात परिचर्या और पुनर्वास के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मैडिकल डिवाईस पार्क के प्रोन्नयन के लिए केंद्र ने हिमाचल सहित अन्य राज्यों के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। अनुप्रिया पटेल ने बताया कि हिमाचल सरकार ने इस परियोजना का वित्त पोषण अपने संसाधनों से करने की बात कही।

उपमुख्यमंत्री

ऊना ज़िला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के घालूवाल गांव के शहीद नायब सूबेदार कुलवंत सिंह का आज उनके पैतृक गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 40 वर्षीय शहीद कुलवंत सिंह अरूणाचल प्रदेश में भारतीय सेना में सेवारत थे और 7 मार्च को सड़क हादसे में शहीद हो गए थे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शहीद नायब सूबेदार कुलवंत सिंह की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

शव बरामद

लाहौल स्पीति ज़िले के यांगला गांव के 25 वर्षीय आईटीबीपी जवान योगेश का शव कुल्लू ज़िला के शाड़ाबाई के पास बरामद हुआ है। ये जवान 24 फरवरी को कुल्लू बसस्टैंड से अचानक लापता हो गया था। डीएसपी कुल्लू के अनुसार शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।